तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

टांडापारा में सीसी रोड की सौगात विधायक ... 14



नर्रा-परकोम में फाइलेरिया रोगी के अग्रिम पहचान के ... 14



**खबर संक्षेप**

### नशे की हालत में हमाल से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नशे की हालत में मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को देवनारायण ठाकुर निवासी टोंगोपानी ने बताया कि 12 दिसंबर की रात करीबन 7.30 बजे सुवरमाल मंडी से हमाली काम कर वापस अपने छोटे भाई दुलार ठाकुर एवं गांव के ओमन, नेपाल, भूषण के साथ घर आ रहा था। रास्ते में कोमाखान पेट्रोल पंप में पेट्रोल डलवाकर टोंगोपानी जा रहे थे, तभी पंप के सामने सड़क में शाहिल खान एवं रिंकू चंद्राकर उन लोगों को शराब के नशे में बेवजह गाली गलौज करने लगे। मना करने पर हाथ मुक्का एवं डंडे से प्रार्थी से मारपीट करने लगे। छोटे भाई दुलार ठाकुर व ओमन ठाकुर ने बीच बचाव किया तो दुलार ठाकुर के बांये हाथ की हथेली में किसी नुकीली वस्तु से चोट आई। मामले में 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## न्याय : खंडपीठों का गठन कर आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया गया प्रकरण का निराकरण

# 63,247 लंबित मामले निपटे, 8.05 करोड़ के अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ नेशनल लोक अदालत में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी हुआ आयोजन

न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं पक्षकारों के त्वरित सुलह एवं समझौते के आधार पर उनके प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 27 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय परिसर में स्थापित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, खंडपीठों के अन्य पीठासीन अधिकारीगण, खंडपीठों के लिए नियुक्त सुलहकर्ता सदस्यगण, अधिवक्तागण, बैंकर्स व विभिन्न विभागों के आए अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### तकरीबन 8 करोड़ के अवार्ड पारित हुए

प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 3 हजार 837 प्रकरणों में 18 लाख 572 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 12 हजार 289 प्रकरणों में 70 लाख 62 हजार 005, श्रम प्रकरण के 17 मामलों में 15 लाख 70 हजार 700, एमएसीटी के 39 प्रकरण में. 3 करोड़ 87 लाख 15 हजार, एनआई एक्ट-138 के 36 प्रकरणों में एक करोड़ 19 लाख 10 हजार 825 तथा 32 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर एक करोड़ 85 लाख 19 हजार 273 रुपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 43 हजार 584 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीठों के माध्यम से कुल 63 हजार 247 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 08 करोड़ 05 लाख 76 हजार 975 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए।



### पक्षकारों को भेंट किए पौधे

पक्षकारों को वृक्षारोपण करने के उद्देश्य तथा सुखद हरियाली के संदेश देते हुए पक्षकारों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में अपने प्रकरणों के लिए पहुंचे पक्षकारों तथा आम नागरिकों को पौधे वितरित किए।



### 85 लाख का अवार्ड पारित

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के सात प्रकरणों का निराकरण करते हुए पांच मृतकों के उनके वारिसानों एवं दो आहतगणों के लिए कुल 85 लाख 30 हजार रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार पीठासीन अधिकारी द्वारा समझाईश के बाद प्रकरणों का आपसी सुलाह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया।

### दाम्पत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष धारा 13(1)(क) हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह विच्छेद अंतर्गत प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। व्यवहारवाद प्रकरण के वादी हरिचंद (परिवर्तित नाम) निवासी ग्राम परसवानी थाना व जिला महासमुंद का विवाह ग्राम खट्टी निवासी उर्मिला (परिवर्तित नाम) के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार 04 मार्च 2017 को हुआ था। विवाह पश्चात कुछ सालों से आपसी अनबन होने के कारण 10 मई 2022 से पति-पत्नी अलग अलग रह रहे थे। जिस पर वादी द्वारा विवाह विच्छेद किए जाने के संबंध में अपना आवेदन प्रस्तुत किया था, जो कि महासमुंद कुटुम्ब न्यायालय में लंबित था। जिसमें खंडपीठ क्रमांक दो के पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाईश दिया गया, जिससे प्रेरित होकर दंपत्तियों एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दाम्पत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने के लिए तैयार हो गए। इस प्रकार उभयपक्षकारों के मध्य राजीनामा हो जाने के कारण प्रकरण की कार्रवाई समझौते के आधार पर समाप्त किया गया।

# धूमधाम से निकली शहर में सतनाम संदेश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में शनिवार को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा धूमधाम से सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई।

यात्रा की शुरुआत एफसीआई रोड स्थित जैतखाम का पूजा अर्चना से हुई। जहां पर हजारों की संख्या में मौजूद समाज के युवा महिला एवं पुरुष सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होने पहुंचे हुए थे। पश्चात संदेश यात्रा शहर के प्रमुख मार्ग की ओर निकली। संदेश यात्रा बस स्टैंड से होते हुए शंकराचार्य भवन पहुंची।



इस दरमियान धुमाल, पंथी, अखाड़ा में समाजजन थिरकते नजर आए। साथ ही महिलाओं द्वारा बाबा जी के संदेश को शक्तियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया। जहां प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोसले की आतिथ्य में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

इस दौरान सतनाम धर्म सेनानियों का सम्मान किया गया साथ ही महिला समिति एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ।

### गुरु घासीदास बाबा की जयंती पूर्व विशाल शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक, मानवता, सत्य और समानता के संदेशवाहक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पूर्व नगर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा का जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का आतिशबाजी, फूल-मालाओं से अभिनंदन कर तथा श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान नेहरू चौक जयघोष और बाबा घासीदास के संदेशों से गुंजायमान रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि घासीदास बाबा ने समाज को सत्य, अहिंसा, समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उनका "मनखे-मनखे एक समान" का संदेश आज भी समाज के हर वर्ग को जोड़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्णा चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, मनोजकांत साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, निर्मल जैन कोषाध्यक्ष, शाहबाज राजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, जावेद चौहान पूर्व एल्डरमैन, शत्रुघ्न साहू, भरत ठाकुर, मोती साहू, लीलू साहू, मनोहर ठाकुर, तबरेज खान, डॉ. एजाज नकवी, जीवन यादव, सुरेंद्र ठाकुर, टोमन सिंग कागजी, गोपीचंद्र तारक, भानू सोनी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा घासीदास के चरणों में नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 4 प्रकरणों में 2112 कट्टा धान जब्त



**महासमुंद।** जिले में अवैध रबी एवं खरीफ धान के संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध किए जा रहे सख्त कार्रवाई के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व, मंडी विभाग एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई के दौरान अब तक कुल 2112 कट्टा धान जब्त किया गया है। विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम बारडोली में रवि फसल का 95 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम चनाट में कार्रवाई करते हुए 267 पैकेट अवैध रबी धान पकड़ा गया। इसके अलावा रात्रिकालीन गश्त के दौरान सराईपाली–सरसिवा मार्ग पर बगयीजोर के पास धान से लदे 5 वाहन जिसमें 4 माजदा एवं 1 छोटा हाथी जब्त किए गए। इन वाहनों से कुल 750 पैकेट, लगभग 300 क्विंटल धान बरामद किया गया, जिसे थाना सरायपाली की सुपुर्दगी में दिया गया है। वहीं विकासखंड पिथौरा अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजरंग वर्मा के नेतृत्व में ग्राम टोंगोपथरा में धनुर्जय साहू के निवास पर छापेमारी के दौरान लगभग 1000 कट्टा धान का अवैध संग्रहण पाया गया। उक्त धान को जब्त कर कृषि उपज मंडी पिथौरा को सुपुर्द किया गया।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम कोल्दा सेवाती के एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले की जांच के बाद तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 30/2025 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक देवकुमार साहू पिता बंशीलाल साहू निवासी ग्राम कोल्दा सेवाती के शव का विधिवत मर्ग पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मृतक के परिजन पूर्णिमा साहू पति मृतक देवकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू पिता स्व. देवकुमार साहू, तुलाराम साहू पिता बंशीराम साहू, कोमल चंद साहू पिता बंशीराम साहू के अलावा गवाहों का कथन लिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी गिरवर चक्रधारी द्वारा मृतक देवकुमार साहू के नाबालिग पुत्र पर पैसा चोरी का झूठा आरोप लगाया गया और शर्ट उतरवाकर कुर्सी पर अपने आंगन में बिठाकर अपमानित किया गया। अपमानित होने के बाद आरोपी द्वारा चोरी हुआ पैसा मिल गया है बताया गया। इसी बात को लेकर आरोपी गिरवर चक्रधारी और मृतक देवकुमार साहू के बीच विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी द्वारा मृतक को सार्वजनिक रूप से दो झापड़ मारा गया, जिससे मृतक को ग्लासनि हुई और उसने आत्महत्या करने की नीयत से धान में डालने वाले जहरीली दवा को पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण जांच में आरोपी गिरवर चक्रधारी के द्वारा मृतक देवकुमार साहू को आत्मजहत्यार हेतु दुष्प्रेरित करना पाया गया और उसके विरूद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता |
| सरायपाली | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन |
| बागबाहरा | 4 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में जीप क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह मोड़ के पास बोलेरो की टक्कर से जीप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सिटी कोतवाली में प्रार्थी व वाहन चालक लक्की चंद्राकर निवासी पतेरापाली ने बताया कि 12 दिसंबर को वह जीप कंपास कार क्र सीजी 04 एनक्यू 7500 को लेकर रायपुर गया था, रायपुर से वापस आते समय दोपहर करीब 03.30 बजे साराडीह मोड़ महासमुंद के पास पहुंचा था, उसी समय सामने से आ रही महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन सीजी 06 एचई 4193 के चालक ने अपने वाहन को काफी तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते लाकर सामने से उसके वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेंट से कार के सामने का हिस्सा पूरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया गया है।

### विप्र कॉलेज में इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा 17 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय में इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर को किया गया है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि रविवि के खेल कैलेंडर अनुसार पूर्व में यह प्रतियोगिता 5 व 6 जनवरी को आयोजित थी। 27 से 31 दिसंबर को अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए आयोजन 17 दिसंबर को रखा गया है।

### अंधविश्वास से बड़ा कोई दानव नहीं : डॉ. निर्वाणी

**रायपुर।** कोरबा में तंत्र-मंत्र के बहकावे में तीन लोगों की हुई निर्मम हत्या ने पूरे छत्तीसगढ़ को हिलाकर रख दिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे अंधविश्वास, तांत्रिक कुप्रथाओं और धन-लालसा पर आधारित अपराध का भयावह उदाहरण बताया है। काउंसिल का कहना है, यह अत्यंत चिंताजनक है कि आज भी समाज में कुछ लोग "धन-वर्षा", "चमत्कार" और "गुप्त तांत्रिक शक्ति" जैसी बातों के जाल में फंस रहे हैं, जिसका परिणाम सीधा-सीधा हिंसा और मृत्यु के रूप में सामने आता है। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा, सनातन धर्म में भक्ति, साधना, सत्य और ज्ञान सर्वोपरि हैं।

धन-वर्षा, तंत्र-कर्म और गुप्त शक्तियों के नाम पर किया जाने वाला कोई भी कर्म धर्म नहीं, बल्कि अधर्म है और गैर वैज्ञानिक है।

### वर्ल्डकप रोलबॉल चैंपियनशिप में कमेंट्री करेंगे क्लाडियस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ खेल कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस दुबई में आगामी 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित सातवीं विश्वकप रोलबॉल चैंपियनशिप का आंखों देखा हाल सुनाएंगे। वे इसके पूर्व 2026 में पुणे में हुई छठवीं विश्वकप चैंपियनशिप एवं इसी वर्ष केन्या में हुई जूनियर विश्वकप रोलबॉल चैंपियनशिप में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए कमेंट्री कर चुके हैं। मूलतः बालोद के रहवासी श्री क्लाडियस पिछले 44 वर्षों के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, खोखो, कबड्डी आदि खेलों की कमेंट्री कर चुके हैं।

# आरंभ पब्लिक स्कूल में लगा निःशुल्क रक्त जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



थायरोकेयर डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर गंजपारा द्वारा आरंभ पब्लिक स्कूल में निःशुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वन हेल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में लगा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। नागरिकों, अभिभावकों, स्कूल के बच्चे, शिक्षकों एवं स्टॉफ ने रक्त जाँच कराकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।

शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय-समय पर जांच के लिए प्रेरित करना रहा। थायरोकेयर के संचालक डॉ. गौरव किचरिया ने आम नागरिकों से अपील की कि वे लक्षणों के इंतज़ार में न रहें, बल्कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराकर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए वन हेल्प फाउंडेशन एवं आरंभ पब्लिक स्कूल के सहयोग की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि नियमित रक्त जाँच से बीपी, शुगर, थायराइड जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान कर उन पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर संस्था के संचालक मिलिंद चंद्राकर ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान जीवनशैली में समय पर स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है। शिविर में आरंभ पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर प्रिया चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि पार्षद निशचय चंद्राकर एवं विशेष अतिथि शुभ्रा शर्मा, मनीष शर्मा, सौरभ चंद्राकर, नरेश नायक, कमाक्षी चंद्राकर, समीक्षा चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, गोपिका बघेल, सत्यांश शर्मा, सौम्या जैन, पांडुरंग मदनकार, अमित साहू, नोहर साहू, संजय दास मानिकपुरी, नीरज राठौर, भूपेंद्र चंद्राकर, चेतना वर्मा, श्रीधर पाणिग्रही, स्वाति साहू आदि उपस्थित रहे।

# एसएचवीआर टीम ने किया कसेकेरा स्कूल का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान (बोइरगांव)

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय (एसएचवीआर) के अंतर्गत ऑनलाइन प्रविष्टि एवं जांच उपरांत जिले से 03 एलिमेंट्री, 03 सेकेंडरी ग्रामीण तथा 01 सेकेंडरी शहरी विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए राज्य स्तर पर अनुमोदित किया गया।



इसी क्रम में राज्य स्तरीय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय एसएचवीआर टीम द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा का अवलोकन किया गया। टीम का नेतृत्व अनुराग त्रिवेदी ने किया, उनके साथ कुंती पांडे एवं बलजीत साहू उपस्थित रहे। जिला स्तर से एपीसी विद्या साहू तथा बीआरसीसी भावना साहू भी अवलोकन के दौरान साथ रहीं। राज्य स्तरीय टीम ने विद्यालय में स्वच्छता, प्रवाहित जल व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन, जल संरक्षण, शौचालय, मां के नाम एक पेड़, पहाड़ी पर चटाई विधि द्वारा हरियाली विकास, सामुदायिक सहभागिता, सांस्कृतिक गतिविधियां, पुस्तकालय तथा विद्यार्थियों द्वारा व्यवहार में स्वच्छता के अमल जैसे मापदंडों का बारीकी से मूल्यांकन किया। टीम द्वारा बच्चों से प्रत्यक्ष चर्चा कर शालेय गुणवत्ता का भी परीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने फाइल चार्ट के माध्यम से विद्यालय की विशिष्ट गतिविधियों एवं नवाचारों को बिंदुवार प्रस्तुत किया। राज्य स्तरीय टीम ने ग्रामीण जनजातीय क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य विद्यालयों को भी ऐसे कार्यों का अवलोकन कराने का निर्देश दिया।




### व्याख्यान माला में शामिल हुई देवकी

**भंवरपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस 10 दिसंबर को कमल नारायण शर्मा स्मारक भवन रायपुर में आयोजित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रोहित मंडावी एवं अध्यक्षता एमडी ठाकुर अध्यक्ष जनजातीय समाज छग तथा विशिष्ट अतिथि विकास मरकाम अध्यक्ष, पुष्प पादक आयोग अध्यक्ष रोहित सलाम, संभागीय अध्यक्ष यज्ञ राम सिदार, महामंत्री रामलखन पैकरा, संदीप पैकरा, देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत महासमुंद मंचासीन थे। मुख्य वक्ता संघ प्रचारक पंडा ने शहीद वीर नारायण के पूरे जीवन पर प्रकाश डालते हुए अनछुए पहलू पर ऐतिहासिक जानकारी दी। उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर नारायण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। देवकी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नारायण सिंह सच्चे प्रजापालक एवं मानवता के पुजारी थे, यही कारण था कि भीषण अकाल में प्रजा का भूख नहीं देख सके और जमाखोर माखन का अनाज गोदाम किसानों के लिए खोल दिया। उक्त व्याख्यान माला में प्रबुद्धजन एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर खतरा बढ़ा, खरोरा-घोड़ारी के बीच तेज रफ्तार वाहन और अंधेरे से असुरक्षाः हुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर खरोरा से घोड़ारी के बीच का हिस्सा इन दिनों बढ़ती दुर्घटनाओं और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण चर्चा में है। जनपद पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष हुलसी जीतेंद्र चंद्राकर ने इस मार्ग पर व्याप्त खतरों को उजागर करते हुए तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है। उपाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि इस मार्ग पर वाहनों की अत्यधिक तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन चुकी है।

उन्होंने 11 दिसंबर को हुई एक घटना का उल्लेख किया, जब प्रातः 9:30 बजे डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा का काफिला रायपुर से महासमुंद आ रहा था, उसी समय एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में गौवंश आ गया, और सड़क किनारे चल रहे लोग भी बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बचे। यह घटना इस मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधन की कमी को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। तेज रफ्तार के साथ-साथ मार्ग पर रात के समय गहरा अंधेरा भी दुर्घटनाओं के खतरे को बढ़ा रहा है। उपाध्यक्ष ने शिकायत की कि एनएच से लगे कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें लगातार बंद रहती हैं, और कई खराब हो चुकी हैं। सड़क किनारे लगे पेड़ों



की बढ़ी हुई डालियां (जंगलिंग) स्ट्रीट लाइट की रोशनी को ढक देती हैं, जिससे वाहनों को रास्ता साफ दिखाई नहीं देता। इन परिस्थितियों के कारण रात के समय दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

हुलसी जीतेन्द्र चंद्राकर ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा। जिनमें स्ट्रीट लाइट का सुधार, बंद और खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू कराया जाना तथा नीचे गिरे हुए लाइटों के स्थान पर नई लाइटें लगाए जाने, पेड़ों की डालियों की छंटाई कराई जाए। ताकि, रोशनी सड़क पर साफ दिख सके। तेज गति रोकने के लिए तत्काल स्पीड साइनेज, स्पीड ब्रेकर तथा चेतावनी बोर्ड लगाए जाने, पुलिस विभाग द्वारा मार्ग पर नियमित पेट्रोलिंग तथा स्पीड गन से चेकिंग की व्यवस्था की जाए, ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास आदि मांगों को कलेक्टर को पत्र लिखा। जनपद उपाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरुद्ध लाइन काटने अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरूद्ध लाइन काटने का अभियान जारी है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे एरियर्स राशि (बकाया राशि) में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।

बिजली विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद एई, जेई और फील्ड स्टॉफ अब कनेक्शन काटने और वसूली की कार्यवाही में लगातार जुट गये हैं। एक दिसंबर से अब तक सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण), बलौदा, छुईपाली, पाटसेन्द्री, भंवरपुर, सागरपाली, पथरला, बसना (ग्रामीण) और गढ़फुलझर वितरण केंद्रों सहित



विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार रुपए से अधिक के 787 नंबर बकायादारों जिनका कुल बकाया राशि लगभग 2 करोड़ 58 लाख 65 हजार था, के कनेक्शन काटे गये हैं। कनेक्शन काटने के लिए जाने पर 306 उपभोक्ताओं द्वारा 36 लाख 03 हजार रुपए का विद्युत बिल का पूर्णतः अथवा आंशिक भुगतान भी कर दिया गया।

कार्यपालन अभियंता टीके पटेल ने कहा कि उपरोक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करने पर वे स्वयं का ही नुकसान कर रहे हैं तथा शासन द्वारा जारी 'हाफ बिजली बिल योजना' का लाभ से भी वंचित हो रहे हैं और सरचार्ज की राशि तथा बकाया राशि में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली बिल हाफ योजना का फायदा न लेकर वे अपने विद्युत खर्च की राशि को दोगुना ही कर रहे हैं। विद्युत बिलों की यह बकाया राशि उपभोक्ताओं को आज नहीं तो कल भुगतान करना ही पड़ेगा। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल भुगतान न करने की स्थिति में उनसे बकाया वसूली अधिनियम के आधार पर राशि की वसूली की जाएगी। बकाया वसूली अधिनियम के अंतर्गत संबंधित परिसर की बकाया राशि की वसूली राजस्व अधिकारियों द्वारा संबंधित जमीन की कुर्की/ नीलामी कर की जाती है। साथ ही किसी परिसर में बकाया राशि होने के कारण लाइन काटे जाने के पश्चात अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाये जाएगा तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से उक्त सभी कार्यवाही से बचने के लिए शीघ्र बिजली बिल भुगतान करने की अपील की है।




### स्थापना के 14 साल बाद मिला शासकीय हाईस्कूल खोकसा को पूर्णकालिक प्राचार्य

**भंवरपुर।** शासकीय हाईस्कूल कक्षा को स्थापना के 14 साल बाद फूल फ्रेश प्राचार्य के रूप में इस विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ व्याख्याता पंचानंद ठाकुर को पूर्णकालिक प्राचार्य के रूप में पदोन्नति मिला। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के तरफ से एक सम्मान समारोह में शिक्षकगण चितरंजन गढ़तिया, सहायक शिक्षक टीकम त्रिपाठी, उमा पटेल, प्रधान पाठक रत्ना पटेल, रोहित कुमार भट्ट, महावीर बोई, बनखंडी सीधा, एनपी नायक (प्रधान पाठक), डीपी बंजारे, रुपलाल चौहान, सीके चौरसिया, शाला नायक नूतिका निषाद एवं बाल कैबिनेट के समस्त पदाधिकारीगण पुष्पगुच्छ एवं साल श्रीफल से प्राचार्य का सम्मान किया गया। सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से उनके सम्मान में उनके साथ पिछला अनुभव, उनके सादगी एवं शांत स्वभाव की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान ने किया। आगामी दिनों में शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री शिक्षक गुणवत्ता अभियान के अनुरूप कार्य करने के लिए शिक्षकों को अनुरोध किया एवं ऑनलाइन अटेंडेंस जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी निर्माण में सभी को सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षक पर संदेह तो विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा, अटेंडेंस डिवाइस लगाए शासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र

- **छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महासमुंद की हुई ऑनलाइन बैठक**

शिक्षक फेडरेशन जिला महासमुंद का ऑनलाइन बैठक जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर की अध्यक्षता एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक अध्यक्षद्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली, कमलेश नायक पिथौरा की उपस्थिति में हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शासन को शिक्षक के अनुशासन और समय प्रबंधन पर विश्वास नहीं रहता है तो छत्तीसगढ़ सरकार सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगवाए। ऑनलाइन उपस्थिति के लिए डिवाइस स्कूल में लगवाए। साथ ही समस्त ऑनलाइन कार्यों के क्रियान्वयन के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा, तभी समस्त ऑनलाइन कार्यों का संचालन और ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षक देंगे। इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि शिक्षक के स्वयं के मोबाइल से ऑनलाइन उपस्थिति के लिए दबाव बनाया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मतदाता सूची शुद्धिकरण एसआईआर कार्यों को शिक्षकों द्वारा ईमानदारी से कार्य करने के पश्चात जिला प्रशासन की ओर से गलत तरीके से किसी भी शिक्षक के ऊपर कार्रवाई किया जाता है तो राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत कराएंगे।

साथ ही इसके विरोध में सत्याग्रह किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अन्य विषयो पर बैठक में निर्णय लिया है कि कलेक्टर की अनुमति से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 7 जुलाई 2025 को जांच कमेटी बनाया गया था, जिसे 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपकर निर्णय देने की बात कही गई थी, लेकिन आजपर्यंत तक कुछ कार्रवाई नहीं हुआ है। युक्तियुक्तकरण में बिना काउंसिलिंग किए, जिसके नियुक्ति नए स्थान पर किया गया था। आज पर्यन्त तक संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं किया गया है। इन सभी विषयों पर शीघ्र निराकरण नहीं होता है तो शिक्षा विभाग महासमुंद की मनमानी पर उग्र आंदोलन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।

बैठक में जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली, कमलेश नायक पिथौरा, प्रदेश महासचिव आदित्य गौरव साहू, प्रदेश संगठन मंत्री राजाराम पटेल, प्रदेश अनुशासन समिति सदस्य दिनेश नायक, प्रदेश सलाहकार प्रदीप पटेल, दीपाली वर्मा महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष द्वय मुनिया निर्मलकर, रश्मि चंद्राकर, आत्माराम साहू, लव निर्मलकर, बलराम नेताम, मेघराज साहू, डिकेश्वर साहू, अजय बंजारे, मुकेश बैस सहित शिक्षकगण अधिक संख्या में जुड़े थे।

# हास्पिटल पर 10 हजार का जुर्माना, गंदगी फैलाने पर 7 दुकानदारों से भी वसूले 8300

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कबीर नगर में संचालित भगवान नारायण हास्पिटल पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, वहीं 7 दुकानदारों पर गंदगी फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए उनसे 8300 रुपए का जुर्माना वसूल किया है।

जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन ने बताया कि कार्यालय में कबीर नगर स्थित भगवान नारायण हास्पिटल के विरुद्ध शिकायत मिली थी कि उसके द्वारा खुली जगह पर हास्पिटल से निकलने वाला सूखा और गीला वेस्ट मेडिकल को ब्लैक पॉलीथीन में भरकर फेका जा रहा है। इससे क्षेत्र में जहां गंदगी फैल रही है, वहीं संक्रमण फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। इस शिकायत पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया, जिसमें शिकायत सही पाई गई। हास्पिटल प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं नोटिस जारी करते हुए भविष्य में खुली जगह पर मेडिकल वेस्ट फेकने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम




2016 अंतर्गत सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### गंदगी फैलाने पर 7 दुकानदारों पर कार्रवाई

इसी प्रकार नगर निगम जोन- 2 अंतर्गत रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सात दुकानों में गंदगी पसरी मिली, वहीं दुकानों के सामने भी कचरा फैला मिला। इन सभी दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया है। इन दुकानदारों से 8300 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए उन्हें भी भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने की चेतावनी दी।

# मोखापुटका में रासेयो शिविर की हुई शुरुआत

## रामचंडी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रामचंडी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा जिला संयोजक मालती तिवारी के निर्देशन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनके भोई के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान के नेतृत्व में ग्राम मोखापुटका में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और रासेयो के लक्ष्य गीत से हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ भोई ने की। शिविर के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोखापुटका के सरपंच लोचन भावना पटेल, विशिष्ट अतिथि गांव के गौटिया जगदानंद चौधरी, उपसरपंच शिवनारायण पटेल व ध्वज कुमार पटेल उपस्थित रहे।




कार्यक्रम अधिकारी प्रधान ने शिविर का रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि लगभग 60 स्वयंसेवक अगले सात दिनों तक गांव में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता कार्यक्रमों पर काम करेंगे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में युवाओं के जोश और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि रासेयो केवल एक योजना नहीं है, यह युवाओं को अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने का एक शक्तिशाली मंच देता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ भोई ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का पालन करते हुए शिविर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में मिडिल स्कूल मोखापुटका के प्रधानपाठक धनश्याम पटेल, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक अंजू पटेल तथा पंचगण ताबीजलाल सिदार, लीला साहू, ललिता पटेल, लवन साहू एवं शंभूनाथ साहू (रोजगार सहायक), ग्रामीण जन, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शिविर के दौरान ग्राम सुधार, वृक्षारोपण और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से आयोजित की जाएँगी।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क. /ब-121/ वर्ष 2024-25
ग्रामः- खट्टी, प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. नर्रा
तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका दिव्या पिता दिगम्बर जाति कलार निवासी महासमुन्द जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके स्वंय का जन्म दिनांक 29.09.2004 को ग्राम खट्टी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका के माता-पिता की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका के माता-पिता के द्वारा आवेदक की जन्म की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार खट्टी एवं ग्राम पंचायत खट्टी को नहीं दे पाये, जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म) ग्राम पंचायत खट्टी के द्वारा आवेदिका का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपने स्वंय के जन्म दिनांक 29.09.2004 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनॉक 26.12.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 26.12.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान



॥ जय सतनाम ॥
॥ जय भीम ॥
॥ जय सतनाम ॥
गौतम बुद्ध
संत कर्मा माता
गुरूनानक देव
संत कबीर साहेब
संत रविदास
वीर क्रांतिकारी बीरसा मुंडा
शहीद वीर नारायण सिंह
महात्मा ज्योतिषा राव फूले
राजश्री साहू जी महाराज
नारायण गुरू
डॉ. भीमराव अंबेडकर
दादा नकुलदेव ढीढ़ी
भीष्मदेव ढीढ़ी साहेब
स्व. धरमदास महिलांग
स्व. भागवत कोसरिया
मा. वीरेंद्र ढीढ़ी जी प्रदेशाध्यक्ष
मा. उपदेश मारकंडे प्रदेश उपाध्यक्ष
मा. किशोर सोनवानी प्रदेश सचिव
मा. प्रकाश टंडन प्रदेश सचिव
डा. मंजीत चन्द्रसेन
गुरू घासीदास बाबा
श्रीमती राशि महिलांग प्रदेश संरक्षक
नीतूरानी बांधे जिलाध्यक्ष महासमुंद
देवकुमार टंडन
वीरसिंह बंजारे
रेवा कुर्रे
केशव कोसरे
किशन मारकंडे
भागवत जोगी
सुषमा राकेश टंडन जनपद सदस्य
सचिन गायकवाड़ जिलाध्यक्ष युवा
अश्वनी टोण्डे पूर्व जिलाध्यक्ष, महासमुंद
नानजी बाघमारे कार्यकारिणी केन्द्रीय
सत्यानंद जेन्ड्रे जिलाध्यक्ष, महासमुंद
हीरा जोगी उपाध्यक्ष जिला महासमुद
बलराम कोसरिया उपाध्यक्ष जिला महासमुद
मन्नाडे सर सचिव जिला महासमुद
अरविंद प्रहरे
राहुल आवडे पार्षद वार्ड क्र. 4
परम् पूज्य बाबा गुरूघासीदास जी
की 269वीं जयंती पर 14 दिसम्बर 2025
रविवार को जिला महासमुंद (छ.ग.)
"मनखे मनखे, एक बरोबर"
सतनाम संदेश यात्रा में पधारे समस्त
अतिथियों को हार्दिक वंदन... अभिनंदन...
श्री त्रिभुवन महिलांग
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, महासमुंद
मा. महेन्द्र कोसरिया जी
अध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र
महासमुंद शाखा झलप
मा. नूपनरेंद्र बाघमारे जी
उपाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र
महासमुंद शाखा झलप
मा. मयाराम टंडन जी
उपाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र
महासमुंद शाखा झलप
मा. रामेश्वर भारती जी
कोषाध्यक्ष - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र
महासमुंद शाखा झलप
मा. चैतूराम मारकण्डे जी
सचिव - छ.ग. सतनामी मुक्ति केन्द्र
महासमुंद शाखा झलप
डुनेश्वर टंडन सहसचिव
राजेन्द्र जांगडे सहसचिव
काशी राम बघेल समाज सेवक
आशकरण दास बंजारे कार्यालय भृत्य
रविदेव बारले मीडिया प्रभारी
प्रताप मन्नाडे सदस्य
रूपराम कोसरिया सदस्य
टी.के. भारद्वाज सदस्य
आनंद निराला सदस्य
नेमीचंद बारले सदस्य
समारू धृतलहरे सदस्य
धनेश्वर धृतलहरे सदस्य
धनेश गायकवाड़ सदस्य
राकेश टंडन सदस्य
पवन लहरे सदस्य
डायमंड कोसरे सदस्य
परस जोगी सदस्य
तुकाराम कोसरे सदस्य
दिलीप कुमार बांधे सदस्य
यशवंत कोसरे सदस्य
सुरेश प्रभाकर सदस्य
अमृत जांगड़े सदस्य
देहरा प्रसाद बंजारे
आनंद कुर्रे युवा उपाध्यक्ष
लाखु ढीढ़ी सदस्य
अमरदास आवडे सदस्य
रामप्रसाद माहेश्वरी सदस्य
संजय भारती सदस्य
मोहन कोसरिया सदस्य
नंदकुमार जोगी सदस्य
गणेश मारकंडे सदस्य
धनवार बंजारे सदस्य
अवध कुर्रे सदस्य
संतोष जांगड़े सदस्य
गीतकुमार चतुर्वेदी सदस्य
अनिल कुमार जांगड़े
रामकिशन धृतलहरे
देवेन्द्र राय
ओमप्रकाश सोनवानी
आनंद बाघमारे
लाल मारकंडे
शत्रुघन चेलक
किसान कोसरिया
महिला प्रकोष्ठ
शकुन्तला व्यवहार जिला उपाध्यक्ष महासमुंद
तेजकुमारी निराला
जया आनडे झलप शाखा
ममता धृतलहरे झलप शाखा
लकेश्वरी टंडन झलप शाखा
बुगली निराला झलप शाखा
उर्मिला धृतलहरे झलप शाखा
पिंकी सोनवानी झलप शाखा
सुशीला सोनी झलप शाखा
राजकुमारी बघेल झलप शाखा
विनीत : समस्त सतनामी समाज जिला महासमुंद
सौजन्य : छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केन्द्र एवं समस्त स्वजातीय बंधु

**खबर संक्षेप**



### बुजुर्ग का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** दलदली मार्ग स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग पुनित राम पिता अंजोर सिंग निषाद का जिला चिकित्सालय में देहावसान हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने किया। इस दौरान राजू चंद्राकर, डॉ. जे. शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, एजाज नकवी, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संजय साहू आदि मौजूद रहे।

### लाफिनकला में एनएसएस शिविर आयोजित

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा ग्राम लाफिनकला में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर 8 दिसंबर से आयोजित है। शिविर के छठवें पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव द्वारा समस्त छात्राओं, शिक्षकगण, ग्राम प्रतिनिधि, ग्रामवासियों को सुबह 6 से 8 तक योगाभ्यास कराया गया। रोगानुसार योग, जड़ी-बूटी का परिचय, विभिन्न बीमारियों में आयुर्वेद समाधान आदि के बारे में जानकारी दी गई। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी सालिक ढीमर द्वारा बताया गया कि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्या चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित है। जिसमें प्रातः 5 बजे छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, योग, जुंबा, नारा लेखन स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाता है। शिविर में सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, नितिन पटेल, गोवर्धन साहू, मोहित साहू, कमलेश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत कराल, लैब टेक्नीशियन पूनम पटले आदि उपस्थित रहे।

**निधन**

### बिहारी लाल साहू



**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम लाफिनकला निवासी 89 वर्षीय बिहारी लाल साहू का निधन हो गया। वे यादराम, संतराम, ईश्वर और डूमनलाल साहू के पिता थे। उन्होंने लंबे समय तक ग्राम अध्यक्ष का दायित्व निभाया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

## विकास कार्य : अंकोरी को विकास की नई सौगात, सभापति ने विधायक का जताया आभार

# टांडापारा में सीसी रोड की सौगात विधायक संपत ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टांडापारा, अंकोरी में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने 07 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार के बीच विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति प्रकाश सिन्हा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच, पंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि "मेरे विधानसभा क्षेत्र का हर गांव बुनियादी



सुविधाओं से सुसज्जित हो, यही मेरा संकल्प है। सीसी रोड निर्माण जैसे कार्य न केवल आवागमन को आसान बनाते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी सशक्त करते हैं।" उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। इस सीसी रोड के निर्माण से टांडापारा अंकोरी के किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं दैनिक यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और बरसात के मौसम में होने वाली कठिनाइयों से भी राहत मिलेगी। जनपद क्षेत्र से आभार व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा टांडापारा, अंकोरी में सीसी रोड निर्माण की सौगात देकर भूमिपूजन किया, जिसके लिए हृदय से आभार जताया है। यह कार्य ग्रामवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** भारती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा महत्वपूर्ण विधिक जानकारियाँ दी गईं। इसमें नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं को अपने आस-पास के प्रति जागरूक रहने के साथ ही निजता का उलंघन, अन्याय का विरोध, साइबर क्राइम से बचाव, मोबाइल का सदुपयोग, नशे से दूर रहने तथा इससे संबंधित दुष्परिणामों एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सभी को विनम्रता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी गई। भारतीय न्याय पालिका, दंड संहिता पर विस्तार से जानकारी के साथ साथ मूल कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों के बारे में भी जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के चेयरमैन विश्वजीत गुप्ता, प्राचार्या प्रिया जोसेफ, नर्सिंग कॉलेज के सभी विद्यार्थी, शिक्षक गण एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## नर्रा-परकोम में फाइलेरिया रोगी के अग्रिम पहचान के लिए किया रक्तपट्टी संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में सेक्टर कोमाखान में सर्वे कार्य किया गया। मलेरिया इंस्पेक्टर आरके पैकरा, सर्वे टीम के प्रभारी नरेश कुमार साहू ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है, जिसे सामान्यतः हाथीपांव के नाम से जाना जाता है। फाइलेरिया रोग से



संक्रमित होने पर लसिका वाहिनियों में रुकावट होने से अंगों में सूजन आने लगती है और ये अंग बेडौल हो जाते हैं। फाइलेरिया से बचाव की जानकारी देते सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ कमल किशोर सिक्या ने बताया कि फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। घरों के आस पास व अंदर साफ-सफाई रखें। पानी जमा न होने दें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें। फाइलेरिया की अग्रिम पहचान के लिए रक्तपट्टी बनाना बहुत सहायक है, जिससे अगर रक्तपट्टी धनात्मक आता है तो समय रहते मरीज का इलाज किया जा सके और गंभीर रोग से बचाया जा सके। सर्वे कार्य रात के समय किया जाता है। क्योंकि, फाइलेरिया के रोगाणु रात के समय ही सक्रिय रहते है। रात्रिकालीन सर्वे टीम में आरएचओ गजेंद्र चंद्राकर, गगन जुर्री, हरिशंकर दीवान, मनोज कुमार गायकवाड़, धनेश साहू, पदमन साव, लखन ध्रुव, पूरन ध्रुव, वीरेंद्र देवांगन, डिगेंद्र परमार एवं ग्राम की मितानिन उपस्थित रहे।

### कर्मचारी संघ की बैठक आज



**कोमाखान।** छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संघ की एक बैठक रायपुर सप्रे शाला भवन में 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे आहूत की गई है। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारीगण के अलावा जिला, विकासखंड, तहसील के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण शामिल होंगे। इस संबंध में संघ के प्रांतीय संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा (बोड़रीदादर कोमाखान) ने बताया कि इस बैठक में विभिन्न मांगों व सुझाव लेने के साथ ही अन्य समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी एके शुक्ला, आरके सिंह, ए चौधरी, राजेश नायक ने दी है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 19 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 19 से 22 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय की बैठक हुई।

बैठक में मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र ने बताया कि 19 दिसंबर 2025 को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। 20 दिसंबर को गणित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। 22 दिसंबर 2025 को वाद विवाद, राष्ट्रीय गणित दिवस एवं पुरस्कार वितरण आयोजित होगी। सभी कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, अतिथि व्याख्याता टीकम साहू, डॉ प्रिया बारीक, नम्रता तंबोली, रुपावती, रोहिणी देवांगन, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा यादव, प्रकाशमणि साहू उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह में शामिल हुए अशवंत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में ग्राम परसवानी में आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने बुजुर्गों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो उनके ज्ञान, अनुभव और मार्गदर्शन को महत्व देता है, और इसे नैतिक कर्तव्य माना जाता है। इसमें उनकी देखभाल, उनसे सीखना और उन्हें सम्मान देना शामिल है, जिससे परिवार और समाज में संस्कार व स्थिरता आती है। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज की तरक्की का आधार भी है, जिसके लिए सरकारें और परिवार दोनों प्रयास करते हैं. का योगदान हमेशा रहता है। वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों को गमछा एवं फल भेंटकर प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।






## कॉलेज में शोध पत्रिका के प्रकाशन पर हुई चर्चा




**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. करूणा दुबे के निर्देशन में शोध संवर्धन समिति के सलाहकार एवं परामर्श मंडल की बैठक हुई। बैठक में पत्रिका संपादक डॉ. मालती तिवारी, सह संपादक डॉ. रीता पांडेय, उपसह संपादक डॉ. ईपी चेलक, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. सरस्वती वर्मा, डॉ. वैशाली गौतम डॉ. अजय देवांगन, डॉ. जगदीश सत्यम एवं नए सदस्य डॉ. अंजना पुरोहित, जय पंचागम उपस्थित रहे। समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पत्रिका के शीर्षक एवं उपशीर्षक का चयन किया गया। पत्रिका के लिए शोध लेख 30 जनवरी तक आमंत्रित है। यह शोध पत्रिका का तृतीय संस्करण है।

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था पर तीन प्राधिकृत अधिकारी पद से पृथक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा लगातार किए जा रहे निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर लंगेह ने धान खरीदी केंद्र मोंगरापाली एवं धान खरीदी केंद्र गांजर का निरीक्षण किया। वहीं 11 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र केवां का भी निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान तीनों धान खरीदी केंद्रों में गंभीर अव्यवस्था पाई गई। धान की स्टेकिंग सुव्यवस्थित तरीके से नहीं की गई थी, जिससे खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसके साथ ही नए एवं पुराने बारदानों में समिति का मार्का एवं स्टेंसिल भी निर्धारित मानकों के अनुसार सही तरीके से अंकित नहीं पाया गया। मिलर द्वारा प्रदाय किए गए बारदानों की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोंगरापाली के प्राधिकृत अधिकारी गुलशन बघेल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गांजर के प्राधिकृत अधिकारी पुनितराम सिन्हा तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रिसीकेला के प्राधिकृत अधिकारी नेपाल साहू को उनके पद से पृथक करने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि धान खरीदी केंद्रों में शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। धान की स्टेकिंग, बारदानों की गुणवत्ता एवं मार्किंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## सीएससीएस डायरेक्टर बलदेव भाटिया से मिले पीसीए संयोजक मनमीत छाबड़ा

# पिथौरा क्षेत्र में युवा क्रिकेट प्रतिभाओं के भविष्य पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया से पिथौरा क्रिकेट अकादमी (पीसीए) के संयोजक मनमीत सिंह छाबड़ा रिक्की ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पिथौरा क्षेत्र में क्रिकेट के विकास और युवा खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान पिथौरा क्षेत्र में क्रिकेट संरचनाओं के विस्तार, युवा खिलाड़ियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जिला स्तर की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पीसीए संयोजक मनमीत सिंह छाबड़ा ने अकादमी द्वारा संचालित गतिविधियों, स्थानीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं और उभरती हुई प्रतिभाओं की जानकारी



साझा की। साथ ही उन्होंने पिथौरा क्षेत्र में बेहतर खेल अधोसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के खिलाड़ी भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। वहीं, लंबे समय से छत्तीसगढ़ क्रिकेट के संगठन, संचालन और राज्य स्तरीय ढांचे के विकास से जुड़े बलदेव सिंह भाटिया ने पीसीए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने क्षेत्रीय क्रिकेट को मजबूत करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव मार्गदर्शन एवं सहयोग का आश्वासन दिया। खेलप्रेमियों का मानना है कि यह मुलाकात पिथौरा क्रिकेट अकादमी के लिए सकारात्मक और दूरगामी परिणाम लेकर आएगी, जिससे आने वाले समय में स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।